शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद्
लोक शिक्षण संचालनालय
इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़

फेक्स नं. 0771–242521 दूरभाष क्र. 0771–2511183 ई–मेल–cg.dpi.dir@gmail.com

–:: विज्ञापन ::–

छ0ग0 शीघ्रलेखन मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद, नवा रायपुर द्वारा आयोजित की जाने वाली शीघ्रलेखन एवं कम्प्यूटर मुद्रलेखन की कौशल परीक्षाओं के लिए योग्यताधारी अभ्यार्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र, परिषद की वेबसाईट **https://shiksha.cg.nic.in/ctsp** पर दिनांक 07/02/2024 से आमंत्रित किये गये हैं। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 27/02/2024 निर्धारित की गई है। इन परीक्षाओं में शामिल होने के लिये परीक्षार्थी की आयु सीमा 16 वर्ष तथा न्यूनतम शैक्षणिक अहर्ता 10वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। परीक्षार्थी/अभ्यर्थी परिषद की वेबसाईट में ''महत्वपूर्ण सूचना लिंक'' में जाकर परिषद के छत्तीसगढ़ राजपत्र दिनांक 3/8/2023 में दर्शित विस्तृत विवरण/दिशा निर्देशों का अवलोकन अनिवार्य रूप से कर लेवें तदानुसार ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए परीक्षा फार्म भरने संबंधी मेन्यूअल परिषद की वेबसाईट पर उपलब्ध करा दिया गया है।

छत्तीसगढ़ राज्य में तकनीकी संचालनालय इन्द्रावती भवन/छत्रपति स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय उतई जिला दुर्ग अन्तर्गत प्रदेश स्तर पर संचालित तकनीकी इंजीनियरिंग कॉलेज/शा. पोलिटेक्निक कालेजों में से जहां समस्त मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है उन्ही परीक्षा कालेजों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। समस्त परीक्षाएं रविवार अवकाश दिवस में ही आयोजित की जायेंगी।

शीघ्रलेखन मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद, द्वारा निम्नानुसार परीक्षाएं आयोजित की जायेंगी :–

स. क्रं.	परीक्षा का विषय	शीघ्रलेखन/गति	परीक्षा शुल्क का विवरण	
			सामान्य/ अ.पि.वर्ग	अनु.जाति/ जन जाति
1	हिन्दी/अंग्रेजी शीघ्रलेखन	100 शब्द प्रतिमिनट की गति से	400/–	200/–
2	हिन्दी/अंग्रेजी कम्प्यूटर मुद्रलेखन	5000 की डिप्रेशन प्रतिघंटा के मान से	300/–	150/–
3	हिन्दी/अंग्रेजी कम्प्यूटर मुद्रलेखन	8000 की डिप्रेशन प्रतिघंटा के मान से	300/–	150/–
4	हिन्दी/अंग्रेजी कम्प्यूटर मुद्रलेखन	10000 की डिप्रेशन प्रतिघंटा के मान से	300/–	150/–

विशेषः–परीक्षार्थी को प्रत्येक परीक्षा के लिए पृथक पृथक आवेदन तथा परीक्षा शुल्क का का भुगतान करना अनिवार्य होगा।

निरन्तर 2

2. अपरिहार्य कारण से परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल न होने की दशा में किसी भी स्थिति में परीक्षा शुल्क वापस देय नहीं होगा।
3. परिषद की वेबसाईड पर परीक्षा के 01 सप्ताह पूर्व प्रवेश पत्र अपलोड कर दिये जायेगें जिसमें परीक्षा की तिथि, आवंटित परीक्षा केन्द्र, बैच क्र. व समय इत्यादि की जानकारी प्रविष्ट रहेगी।
4. हिन्दी शीघ्रलेखन की परीक्षा के लिए केवल 05 संभाग—रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जगदलपुर, एवं अम्बिकापूर परीक्षा केन्द्र बनाये गये है तथा अंग्रेजी शीघ्रलेखन के लिए रायपुर संभाग में 01 परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।
5. विभिन्न गति की कम्प्यूटर मुद्रलेखन (5000, 8000 एवं 10000 की डिप्रेशन प्रतिघंटा के मान से) की कौशल परीक्षाओं के लिए परीक्षा केन्द्रों पर उपलब्ध कम्प्यूटर सिस्टम व अन्य सुविधाओं के साथ ही परीक्षार्थियों की संख्या के आधार पर परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जायेगा।
6. परीक्षा के लिए आवेदन प्रस्तुत करते समय परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की समस्या आने पर परिषद के दूरभाष 0771—2511183 एवं ई—मेल ctspboard@gmail.com पर सम्पर्क कर सकते है।
7. शीघ्रलेखन मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद का शहरी कार्यालय का पता निम्नानुसार है:—सचिव/सहायक सचिव

    शीघ्रलेखन मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद
    माध्यमिक शिक्षा मण्डल बोर्ड ऑफिस केम्पस
    कक्ष क्र. 7, प्रथम—तल, एकीकृत परिसर
    पेशंन—बाडा, टैगौर नगर, कार्यालय का दूरभाष क्र. 0771—2511183
    रायपुर (छत्तीसगढ़) पिन कोड— 402001

8. चूंकि परिषद द्वारा प्रथम बार ऑनलाईन प्रकिया के तहत साफ्टवेयर के माध्यम से परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं इसलिए परीक्षार्थियों की सुविधा हेतू परिषद की वेबसाईट पर मॉक टेस्ट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।
9. परिषद द्वारा परीक्षाओं के संचालन/नियम—निर्देश व अन्य जानकारी समय—समय पर परिषद की वेबसाईट के सूचना पटल पर प्रकाशित की जायेगी। परीक्षार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि परिषद की वेबसाईट का समय—समय पर अवलोकन करते रहेगें और किसी प्रकार की विवाद की स्थिति में परिषद अध्यक्ष एवं समिति का निर्णय सर्वमान्य तथा बाध्यकारी होगा।

संचालक द्वारा अनुमोदित

7/2/24

सचिव/उप संचालक
शीघ्रलेखन मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल
परीक्षा परिषद
लोक शिक्षण संचालनालय छ0ग0